जमीन की पैमाइश न होने से नाराज युवक दूसरी बार टावर पर चढ़ा

आबादी की जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप, पुलिस ने समझाकर सुरक्षित नीचे उतारा

हंडिया (प्रयागराज)। जमीन विवाद का निस्तारण नहीं होने से नाराज युवक मंगलवार को एक बार फिर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। ११ दिन के भीतर दूसरी बार हुई इस घटना से मौके पर अफरातफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा।

हंडिया तहसील क्षेत्र के घुड़दौली गांव निवासी राजकुमार गुप्ता पुत्र उमाशंकर गुप्ता का पड़ोसी पक्ष से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। राजकुमार का आरोप है कि विवादित जमीन की पैमाइश और सीमांकन के लिए एसडीएम हंडिया ने आदेश दिया था, लेकिन राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने अब तक कारर्वाई नहीं की।

इस बीच विपक्षी पक्ष पर विवादित भूमि पर अवैध निर्माण कराने का भी आरोप लगाया है। राजकुमार के मुताबिक, राजस्वकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर निर्माण रोकने की हिदायत दी थी और आदेश का उल्लंघन करने पर कानूनी कारर्वाई की चेतावनी भी दी थी। इसके बावजूद निर्माण जारी रहने और बार-बार शिकायत के बाद सुनवाई नहीं होने से नाराज होकर वह मंगलवार को पड़ोसी गांव बगदाहा हवासाबाद स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। इसी विवाद को लेकर राजकुमार १६ अक्टूबर को भी मोबाइल टावर पर चढ़ गया था।

मंगलवार को दोबारा घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हलके के दरोगा प्रकाश पाराशर ने पुलिस टीम के साथ युवक से बातचीत की और काफी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। राजकुमार ने राजस्व निरीक्षक और हल्का लेखपाल से राजस्व अभिलेखों व नक्शे के अनुसार जमीन की पैमाइश कराकर सीमांकन कराने की मांग की है। उसका कहना है कि समय रहते कारर्वाई नहीं हुई तो विवादित जमीन पर कब्जे की स्थिति बन सकती है। एक ही विवाद को लेकर ११ दिन में दूसरी बार युवक के टावर पर चढ़ने की घटना के बाद राजस्व विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।



पोस्टमार्टम के बाद लवायन कला गांव में धीरज का शव पहुंचने के बाद लगी भीड़।

पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा धीरज का शव, परिजनों में कोहराम

तनाव के मद्देनजर गांव के रास्तों पर भारी पुलिस बल तैनात, मुआवजे और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

नैनी (प्रयागराज)। औद्योगिक थाना क्षेत्र के लवायन कला गांव में मंगलवार शाम ड्राइवर धीरज निषाद उर्फ ढल्लू का शव पोस्टमार्टम के बाद पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव देखते ही परिवार के लोग बिलखने लगे। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी और सभी प्रमुख रास्तों पर फोर्स तैनात कर दी। कड़ी सुरक्षा के बीच धीरज का अंतिम संस्कार कराया गया।

बताया गया कि रविवार को हत्या कर यमुना में फेंके गये धीरज का शव सोमवार को बरामद हुआ था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को शव गांव पहुंचने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गयी। थाना प्रभारी कमलेश पटेल ने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला और परिजनों को समझाकर शांत कराया। मामले में मुख्य आरोपित बताए जा रहे रज्जन और सज्जन घरों पर ताला लगाकर फरार हैं। पुलिस ने दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। साथ ही कुछ मोबाइल नंबरों को भी ट्रेस किया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि धीरज परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उन्होंने परिवार के भरण-पोषण के लिए मुआवजा देने और आरोपितों को गिरफ्तार कर कड़ी कारर्वाई करने की मांग की है। पुलिस के मुताबिक, मुआवजे की मांग से एसडीएम करछना संदीप तिवारी को अवगत करा दिया गया है। बुधवार को एसडीएम परिजनों से मुलाकात करेंगे, जिसके बाद सहायता राशि के संबंध में निर्णय लिया जायेगा।

घूरपुर पुलिस ने दो घंटे में गुमशुदा युवती को किया बरामद

पिता की हत्या के बाद दहशत में था परिवार, बेटी के लापता होने से बढ़ी थी चिंता

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर पुलिस ने गुमशुदगी की सूचना मिलने के करीब दो घंटे के भीतर मानसिक रूप से कमजोर युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवती के लापता होने से परिवार के लोग परेशान थे। पिता की हत्या के बाद से परिवार पहले ही दहशत में था।

मामला घूरपुर थाना क्षेत्र के करमा चकिया गांव का है। सोमवार को राहुल भारतीय की बहन तमन्ना उर्फ शिवान्ती पुत्री स्व. तिलकधारी भारतीय बिना बताए घर से कहीं चली गयी। युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर राहुल ने घूरपुर थाने में गुमशुदगी की सूचना दी।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष हरकेश सिंह ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। एसीपी कौंधियारा अब्दुल सलाम खान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष पुलिस टीम गठित की और स्वयं नेतृत्व किया। पुलिस ने गांव और आसपास के इलाकों में तलाश शुरू की। करीब दो घंटे के भीतर युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया। युवती के मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस की तत्परता की सराहना की।

युवक को रंजिशन पीटा, तीन नामजद

मांडा (प्रयागराज)। मांडा थाना क्षेत्र के महुआंवकला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी उमेश कुमार मिश्रा पुत्र राम आसरे मिश्रा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि २४ अक्टूबर की रात करीब १०:३० बजे वह घर के पास बने शौचालय से लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में घात लगाकर बैठे पड़ोसी कमलेश कुमार, देवी शंकर और रमेश कुमार ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर लोगों की भीड़ जुटने लगी तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।

स्वच्छता पखवाड़े के तहत बैठक कर बनायी गयी योजना

पीएम श्री विद्यालय बीकर में स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ समुदाय पर हुई चर्चा

घूरपुर (प्रयागराज)। जसरा विकासखंड के पीएम श्री विद्यालय बीकर में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत बैठक आयोजित की गयी। इसमें अभिभावकों, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधियों और विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ समुदाय विषय पर जनसंवाद कर साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया।

बैठक में कहा गया कि विद्यालय का वातावरण स्वच्छ रहेगा तो बच्चे और समुदाय भी स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे। इस दौरान विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक के बाद सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर



में सामूहिक सफाई की और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अतुल सिंह पटेल ने की। इस मौके पर ममता देवी, सीता देवी, कल्पना, सुषमा, होरीलाल दिवाकर, सुनील कुमार गौतम, पूजा सिंह, सौम्या वालेचानी, प्रतिभा सिंह, सीता सिंह, रेखा देवी और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामचंद्र पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार सवार चोरों ने परचून की दुकान का शटर तोड़कर हजारों का सामान उड़ाया

राष्ट्रीय राजमार्ग के तिराहे पर हुई वारदात

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कंचनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग तिराहे पर सोमवार की रात कार सवार चोरों ने परचून की दुकान का शटर तोड़कर हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। वारदात के दौरान चोरों ने मकान में सो रहे परिवार के कमरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए। मंगलवार सुबह ग्रामीणों की मदद से परिवार बाहर निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार, हरिसेनगंज निवासी मनोज कुमार केसरवानी ने कंचनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग तिराहे पर मकान बनवाया है। मकान के निचले हिस्से में उनकी परचून की दुकान है। सोमवार रात करीब नौ बजे दुकान में ताला बंद करने के बाद वह परिवार के साथ ऊपर बने कमरों में सोने चले गए। मंगलवार सुबह कुछ महिलाओं ने उन्हें घर का गेट खुला होने और दुकान का शटर टूटा होने की जानकारी दी। बाहर निकलने की कोशिश करने पर दरवाजे बंद मिले। इसके बाद ग्रामीणों ने दरवाजा खोलकर परिवार को बाहर निकाला। दुकान की जांच करने पर शटर का ताला और लाक टूटा मिला। चोर दो टिन रिफाइंड तेल, अरहर की पांच बोरी दाल, फार्च्यून तेल के एक और दो किलो वाले पैकेटों की पेटियां, काजू-बादाम, तीन बोरी चीनी तथा गल्ले में रखे करीब एक हजार रुपये के सिक्के ले गए। सूचना पर डायल ११२ और हल्का दरोगा प्रेम प्रकाश पांडेय पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चार पहिया वाहन से आए चोर दिखाई दिए, जो सामान लादकर ले जाते नजर आए। कैमरे की खराब स्थिति के कारण चोरों की संख्या स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस अन्य स्थानों के कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। सेकेंड इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

पत्नी की हत्या के आरोपित पति को भेजा जेल

दहेज हत्या के आरोप में पांच अन्य ससुरालियों पर भी मुकदमा

फाफामऊ (प्रयागराज)। मंदाकिनी कालोनी, मलाक हरहर में पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के आरोपित पति को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। आरोपित की निशानदेही पर उसके घर से हत्या में प्रयुक्त रस्सी भी बरामद की गयी है।

मूल रूप से नवाबगंज थाना क्षेत्र के सराय जयराम निवासी रमेश चंद्र सरोज एलआईसी में विकास अधिकारी हैं। आरोप है कि रविवार रात घरेलू कलह को लेकर हुए विवाद के बाद उन्होंने अपनी पत्नी तारा देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के पिता ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए पति सहित पांच अन्य ससुरालियों के खिलाफ फाफामऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी छोटक यादव ने बताया कि हत्या के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कारर्वाई के बाद जेल भेज दिया गया है। मामले में नामजद अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किये जा रहे हैं।

एनजीबीयू में भेदभाव-विरोधी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

भेदभाव-मुक्त शैक्षणिक वातावरण बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : कुलपति प्रो. बीबी तिवारी

हनुमानगंज (प्रयागराज)। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय (एनजीबीयू) के जमुनीपुर परिसर में मंगलवार को भेदभाव-रोधी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भेदभाव-विरोधी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। डी-ब्लाक के सामने आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने समानता, आपसी सम्मान, सद्भाव और समावेशिता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। भेदभाव-रोधी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रो. छाया मालवीय ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। सभी ने जाति, धर्म, भाषा, लिंग अथवा किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं करने और प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर व सम्मान देने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बीबी तिवारी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में भेदभाव-मुक्त वातावरण बनाना केवल संस्थान का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समान अधिकारों, परस्पर सम्मान और सामाजिक सद्भाव को मजबूत बनाने पर जोर दिया।



कार्यक्रम का संचालन डा. विष्णु प्रसाद शुक्ल ने किया। डा. संजय पाण्डेय ने आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जबकि डा. दुर्गेश नन्दिनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अनेक प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। अंत में भेदभाव-रोधी प्रकोष्ठ ने सभी से समानता, गरिमा और समावेशिता के मूल्यों को अपने व्यवहार में अपनाने की अपील की।

रामलीला उत्कृष्टता सम्मान समारोह में ११ समितियां सम्मानित

पथरचट्टी, कटरा सहित शहर की रामलीला समितियों और कलाकारों को मिला सम्मान

नैनी (प्रयागराज)। रामलीला की गौरवशाली परंपरा के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से मंगलवार को परमार्थ त्रिवेणी पुष्प में रामलीला उत्कृष्टता सम्मान समारोह-२०२६ का आयोजन किया गया। परमार्थ त्रिवेणी पुष्प, नगर निगम प्रयागराज और नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में रामलीला समितियों और उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज का सान्निध्य एवं आशीर्वचन प्राप्त हुआ।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक चेतना का सशक्त माध्यम है। भगवान श्रीराम के सत्य, धर्म, त्याग, सेवा और मर्यादा के आदर्श समाज को सदैव प्रेरित करते हैं। रामलीला समितियां और कलाकार इन मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

समारोह में श्री कटरा रामलीला कमेटी, श्री श्री बाल रामलीला समिति सिविल लाइंस, श्री पथरचट्टी रामलीला कमेटी, सार्वजनिक रामलीला समिति नैनी, जन सेवा समिति नैनी, मानस रामलीला समिति नैनी, श्री रामलीला कमेटी माधवापुर, श्री रामलीला समिति एलोपीबाग, रामलीला कमेटी फाफामऊ, अवंतिका रामलीला कमेटी नैनी और दारागंज रामलीला कमेटी को सम्मानित किया गया।

समारोह में 'स्वच्छ प्रयागराज-सुंदर प्रयागराज' के संकल्प को रेखांकित करते हुए सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी और जनजागरूकता का संदेश देने पर जोर दिया गया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन प्रयागराज की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ युवा पीढ़ी को लोक परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रामलीला में धनुष यज्ञ का मंचन, श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष

सीता स्वयंवर में धनुष टूटते ही जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा मैदान

लालापुर (प्रयागराज)। क्षेत्र के बसहरा तरहार गांव में श्री कुलदीप सिंह कमलाकर सिंह रामलीला समिति की ओर से आयोजित दस दिवसीय रामलीला में सोमवार को धनुष यज्ञ का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

मिथिला नरेश राजा जनक की ओर से आयोजित सीता स्वयंवर में देश-विदेश के राजा-महाराजाओं ने भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी उसे हिला नहीं सका। इससे राजा जनक निराश हो गये। इसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान श्रीराम ने शिव धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते ही धनुष टूट गया। धनुष टूटते ही पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद माता सीता ने भगवान श्रीराम के गले में वरमाला डालकर उन्हें पति रूप में स्वीकार किया। इस दृश्य पर दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रामलीला के मंचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों और धार्मिक परंपराओं से जुड़ने का संदेश दिया गया।



आजका मुहूर्त

दिनांक- २८ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ तुला राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- कार्तिक कृष्ण पक्ष
तिथि- द्वितीया-तृतीया-द्वितीया प्रातःकाल ०६.३५ उपरान्त तृतीया भोर ०४.२८ तक रहेगी अतः तृतीयेश की हानि है।
वार- बुधवार
नक्षत्र- कृत्तिका सांयकाल ०५.०२ तक उपरान्त रोहिणी।
राशि- वृष
सूर्योदय- ०६.२५ बजे
सूर्यास्त- ०५.३५ बजे
राहुकाल- मध्यान्ह १२ बजे से ०१.३० तक।
भद्रा- सायंकाल ०५.२६ से भोर ०४.२८ तक रहेगी। यह भद्रा स्वर्ग में निवास करेगी।
मुहूर्त- केवल फसल काटने का मुहूर्त है।
विशेष- पूर्व दिशा में शुक्र का उदय प्रातःकाल ०६.३५ बजे होगा, दिन पर्यन्त सर्वार्थ सिद्धयोग रहेगा, सिद्ध योग प्रातःकाल ०६.३५ तक।

मुर्गा खाने से इनकार पर युवक की पिटायी

मेजा (प्रयागराज)। खरहरा गांव निवासी उमाशंकर ने आरोप लगाया कि सोमवार रात एनटीपीसी कोहड़ार की मिश्रा कॉलोनी में मुर्गा खाने से इनकार करने और शोर का विरोध करने पर लक्ष्मण, विजय व पिंटू ने उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि हेलमेट से वार करने पर उसके बाएं घुटने की हड्डी टूट गई। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय के अनुसार, मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

जमीन के कथित फर्जी बैनामे में ११ लोगों पर मुकदमा

मेजारोड (प्रयागराज)। सिरहिर गांव में आबादी की जमीन के कथित फर्जी बैनामे के मामले में मेजा पुलिस ने हीरालाल सिंह की तहरीर पर ११ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि सात बिस्वा के बजाय आठ बिस्वा जमीन का बैनामा कराया गया।

शिकायत करने पर पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने व मकान गिराने की धमकी भी दी गई। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

द्वितीय चरण की जनगणना के प्रशिक्षण की हुई शुरुआत

अटल आवासीय विद्यालय बेलहट में ३०० प्रशिक्षुओं ने लिया हिस्सा, चार नवम्बर तक चलेगा प्रशिक्षण

कोरांव (प्रयागराज)। स्थानीय अटल आवासीय विद्यालय बेलहट में मंगलवार, २७ अक्तूबर से द्वितीय चरण की जनगणना के प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण आगामी ४ नवंबर तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी टीपी सिंह और जनगणना चार्ज अधिकारी तहसीलदार अनिल कुमार यादव रहे। विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से दोनों अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं को जनगणना से संबंधित जानकारी दी।

विद्यालय के छह कमरों में आयोजित प्रशिक्षण में ३०० प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम दिन सहायक निदेशक जनगणना प्रयागराज जितेंद्र श्रीवास्तव, डायट प्रवक्ता अखिलेश कुमार और कुलदीप ने प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, स्वगणना १६ से ३० नवंबर तक प्रस्तावित है, जबकि मुख्य जनगणना १ दिसंबर से ४ जनवरी २०२७ तक होगी। प्रशिक्षण स्थल पर बनाया गया सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



मंगलवार को एसडीएम टीपी सिंह और तहसीलदार अनिल कुमार यादव ने भी सेल्फी प्वाइंट का आनंद लिया। उन्होंने विद्यालय प्रबंध समिति की पहल की सराहना की।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री RITIKA TRIPATHI के स्कूल के अभिलेख में पिता का नाम त्रुटिवश (SHIVAKANT TRIPATHI) अंकित हो गया है (जो कि गलत है) सही नाम (SHIVA KANT TRIPATHI) लिखा और पढ़ा जाए।

सूचना- मेरा इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद द्वारा बी0ए0 वर्ष 2007 अनुक्रमांक 218287 इनरोलमेन्ट नं0 I0420185 का माइग्रेशन प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। अमित कुमार पुत्र-श्री ठाकुर प्रसाद नि0 गौसपुर ककरहिया अम्बेडकर नगर

एक से तीन नवम्बर तक आयोजित होगा प्रयागराज सोरांव महोत्सव

मेवा लाल ग्राउंड में जुटेंगी सांस्कृतिक प्रतिभाएं, तैयारियों के लिए विभागों को सौंपी गयी जिम्मेदारी

सोरांव (प्रयागराज)। लोक संस्कृति, कला, साहित्य और परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से १, २ और ३ नवंबर २०२६ को मेवा लाल ग्राउंड, सोरांव में प्रयागराज सोरांव महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर तैयारियां पूरी करने को कहा है। इसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने महोत्सव स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संबंधित विभागों को सौंपी है। इसके अलावा दर्शकों के बैठने, चिकित्सा सुविधा, एंबुलेंस और अग्निशमन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों से अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्य समय से पूरा करने को कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महोत्सव की तैयारियों और आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। महोत्सव के माध्यम से लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और स्थानीय कला एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की गयी।

जल निगम परिसर के पास कूड़े का अंबार, स्वच्छता अभियान पर सवाल

महीनों से जमा कचरे से उठ रही दुर्गंध, पेयजल स्रोत के पास गंदगी से संक्रमण का खतरा

नैनीबारी (प्रयागराज)। एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों और कस्बों को साफ-सुथरा बनाने का दावा कर रही है, वहीं नैनीबारी स्थित जल निगम परिसर की बाउंड्रीवाल के पास जमा कूड़े का अंबार इन दावों पर सवाल खड़े कर रहा है। यहां महीनों से सैकड़ों क्विंटल कूड़ा-कचरा पड़ा होने से आसपास गंदगी और दुर्गंध का माहौल बना हुआ है। चिंताजनक बात यह है कि इसी परिसर में बनी पानी की टंकी से नैनीबारी, सुरकली, गन्ने और आसपास के दर्जनों गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। बाउंड्रीवाल के पास प्लास्टिक, सड़ा-गला कचरा, होटलों का अपशिष्ट और अन्य गंदगी जमा है। बारिश के दौरान कचरे से निकलने वाला दूषित पानी जमीन में रिसने से पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। कूड़े के ढेर पर मक्खियों और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासी अमरनाथ ने बताया कि शाम होते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। गंदगी के कारण डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। राहगीरों को नाक पर कपड़ा रखकर गुजरना पड़ता है, जबकि स्कूली बच्चों को भी इसी रास्ते से होकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में कई बार शिकायत करने के बावजूद सफाई नहीं कराई गयी। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों और जल निगम के अधिशासी अभियंता से मामले में हस्तक्षेप कर कूड़े का तत्काल निस्तारण कराने तथा परिसर के आसपास सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

दुबहा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की हुई शुरुआत

कलश यात्रा में गूंजे राधे-राधे के जयकारे, सात दिन तक बहेगी भक्ति की धारा

लालापुर (प्रयागराज)। बारा क्षेत्र के दुबहा स्थित भीटेश्वर धाम सरकार प्रांगण में मंगलवार को सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। हनुमान मंदिर दुबहा से निकली शोभायात्रा बिनौरी और दुबहा गांव का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंची।

इस दौरान राधे-राधे के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

कथा व्यास डा. अरुणाचार्य जी महाराज २७ अक्तूबर से ३ नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर एक बजे से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन में संत आशीष ब्रह्मचारी जी महाराज का विशेष सहयोग रहेगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है। कलश शोभायात्रा में पारस त्रिपाठी, राज नारायण, अन्नू त्रिपाठी, जगदीश नारायण, विमलेश, दिनेश, मुकेश, नागेश, गोपाल मिश्रा, अनिल पांडेय सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।



चोरी के जेवर और नकदी के साथ आरोपित गिरफ्तार

झूंसी (प्रयागराज)। झूंसी पुलिस ने २७ अक्टूबर की देर रात शास्त्री ब्रिज के नीचे रिवर फ्रंट रोड से अमर सिंह (२१), निवासी बक्खोपुर, सरायइनायत को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से कान के कुंडल, टॉप्स, दो जोड़ी पायल और १३०० रुपये बरामद किए। आरोपी के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

एसडीएम ने हिंदूपुर गांव में करायी धान की क्राप कटिंग

फसल उत्पादन का लिया जायजा, उपज के वास्तविक आंकड़ों का किया आकलन

करछना (प्रयागराज)। क्षेत्र में धान की पैदावार का वास्तविक आकलन करने और उत्पादन संबंधी आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन क्राप कटिंग करा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को उपजिलाधिकारी करछना संदीप तिवारी ने हिंदूपुर गांव में धान की क्राप कटिंग कराकर उत्पादन का आकलन किया। इस दौरान एसडीएम ने स्वयं खेत में उतरकर धान की फसल काटी और निर्धारित मानकों के अनुसार उपज की जांच की। क्राप कटिंग के माध्यम से प्रति इकाई क्षेत्र में फसल की पैदावार का पता लगाया जाता है। इससे क्षेत्र में धान उत्पादन की वास्तविक स्थिति का आकलन करने में मदद मिलती है। इसके आंकड़े कृषि उत्पादन का अनुमान लगाने के साथ ही फसल बीमा योजनाओं के क्रियान्वयन और किसानों को मिलने वाले संभावित लाभों के निर्धारण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसडीएम ने प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप फसल उत्पादन का आकलन किया।

सांतरागाछी-खातीपुरा साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी की नियमित सेवा का प्रारंभ

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सांतरागाछी-खातीपुरा साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी का शुभारंभ दिनांक 26.10.2026 को किया गया। इस गाड़ी की नियमित सेवा निम्नलिखित विवरण के अनुसार प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 18061/18062 सांतरागाछी-खातीपुरा साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी

गाड़ी सं.- 18061 सांतरागाछी-खातीपुरा			गाड़ी सं.- 18062 खातीपुरा-सांतरागाछी
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
----	14:15 (बुध)	सांतरागाछी ▲	19:45 (शनि)	----
09:55 (गुरू)	09:57	मिर्जापुर	22:48	22:50
11:25	11:30	प्रयागराज जं.	21:25	21:30
12:40	12:42	फ़तेहपुर	19:45	19:47
14:00	14:05	कानपुर सेंट्रल	18:45	18:50
17:20	17:25	टूंडला जं.	14:05	14:10
18:20	18:25	ईदगाह आगरा जं.	12:45	12:50
20:10	20:12	खेड़ली	11:12	11:14
20:28	20:30	मण्डावर महुवा रोड	10:52	10:54
23:00 (गुरू)	----	खातीपुरा ▼	----	09:15 (शुक्र)

अन्य ठहरावः- उपरोक्त के अतिरिक्त यह गाड़ी खड़गपुर जं., आसनबोनी, टाटानगर, चाण्डिल, पुरुलिया, कोटशिला, मुरी, राँची, लोहरदगा, टोरी, बरवाडीह, डालटनगंज, गढ़वा रोड, जपला, डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बाँदीकुई एवं दौसा स्टेशनों पर भी रुकेगी।

सांतरागाछी से:- गाड़ी संख्या 18061, दिनांक 04.11.2026 से प्रत्येक बुधवार को।

खातीपुरा से:- गाड़ी संख्या 18062, दिनांक 06.11.2026 से प्रत्येक शुक्रवार को।

गाड़ी संरचनाः- सामान्य श्रेणी- 04, स्लीपर- 06, वातानुकूलित चेयरकार- 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी कोच- 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 02 एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी- 01

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 2446/26(A)